भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2450**
दिनांक 10.12.2024 को उत्तरार्थ

**बजट आवंटन की निगरानी**

**2450. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा के लिए स्वीकृत और आवंटित की गई धनराशि का जिला/शीर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हरियाणा राज्य ने सभी योजनाओं के अंतर्गत किए गए व्यय के लिए उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर दिए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत आवंटित/प्रदान किए गए बजट के लेखांकन की निगरानी करती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान हरियाणा में पंचायतों को प्रोत्साहन (आईओपी) योजना के तहत 2.06 करोड़ रुपये जारी किए गए और धनराशि सीधे उन पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई जिन्होंने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार जीते थे।

(ख) एवं (ग) 1.48 करोड़ रुपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर दिया है ।

(घ) और (ङ) : आईओपी योजना के अंतर्गत पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों को जारी की गई पुरस्कार राशि के उपयोग पर पत्राचार, समीक्षा बैठकों, राज्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से बारीकी से निगरानी की जाती है।

***